संoसंo–17/एफ 1–35/2020 – 604(17)
बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

एस० एस० पाण्डेय,
विशेष कार्य पदाधिकारी

सेवा में,

अध्यक्ष,
साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी,
पत्राचार का पता–एस०एच०–83, साई धाम,
ग्राम + पो0–ओनामा, भाया–बरबीघा,
जिला–शेखपुरा, पिन कोड–811101

पटना, दिनांक :– 05/08/2021

विषय :– साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी, ओनामा, शेखपुरा को डी0 फार्म एवं बी0 फार्म पाठ्यक्रम संचालन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अध्यक्ष, साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी, ओनामा, शेखपुरा के पत्रांक–SCOP/22/2020 दिनांक–21.05.2020 द्वारा उक्त संस्थान को डी0 फार्म एवं बी0 फार्म पाठ्यक्रम संचालन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने का अनुरोध किया गया था।

इस परिप्रेक्ष्य में संस्थान के स्थल निरीक्षण हेतु विभागीय आदेश सं0–1222(17) दिनांक–23.12.2020 द्वारा चार सदस्यीय जाँच समिति का गठन किया गया था।

जाँच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर बिहार चिकित्सा शिक्षा संस्था (विनियमन और नियंत्रण) (संशोधन) विधेयक, 1993 द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा निहित प्रावधानों के अधीन साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी, ओनामा, शेखपुरा को फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इंडिया (PCI) के विनियमों/मानकों/प्रावधानों के शर्त्ताधीन सत्र–2020–2021 से डी0 फार्म पाठ्यक्रम के 60 सीटों एवं बी0 फार्म पाठ्यक्रम के 100 सीटों पर नामांकन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (No Objection Certificate) अगले आदेश तक प्रदान किया जाता है।

विश्वासभाजन

(signature) 05/08/21

(एस० एस० पाण्डेय)
विशेष कार्य पदाधिकारी

D/Raumish sir/Letter